तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 21 दिसंबर 2024

12 रिटायर्ड शिक्षक भाजपा में हुए शामिल, विधायक ने किया स्वागत



10 कांग्रेस नेताओं के बयान से साफ, बलौदा बाजार कांड ..





## खबर संक्षेप

### पीडीएस भवन का लोकार्पण आज

**गुरुर।** ग्राम पंचायत अर्जुनी में सेरीग्रशन, पीडीएस भवन लोकार्पण समारोह का आयोजन 21 दिसंबर को किया गया है। इसमें मुख्य अतिथि अध्यक्ष भाजपा जिला बालोद पवन साहू होंगे। अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका बालोद राकेश यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि पूर्व सदस्य बाल संरक्षण आयोग यशवंत जैन, पूर्व विधायक संजारी बालोद प्रीतम साहू होंगे। विशेष अतिथि सभापति जिला पंचायत बालोद ललिता पीमन साहू, अध्यक्ष भाजपा मंडल गुरूर कौशल साहू, महामंत्री भाजपा जिला बालोद राकेश यादव, युवा भाजपा नेता धर्मेन्द्र साहू, अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति सोरर जागेश्वर साहू, बूथ अध्यक्ष अर्जुनी भूशण साहू उपस्थित रहेंगे।

### करहीभदर में मड़ई 23 को

**बालोद।** ग्राम करहीभदर में 23 दिसंबर को मंडई मेला का आयोजन किया गया है। जिसमे रात्री में छत्तीसगढ़ नाचा पार्टी चिखली का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी ग्रामीण अध्यक्ष मयाराम सिन्हा, दिनदयाल, भूपत ने दी।

### ट्रक की टक्कर से खड़ी कार क्षतिग्रस्त

**बालोद।** चोरहापड़ाव में ढाबा के पास ट्रक और कार में भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद कार चालक की रिपोर्ट पर गुरुवार को डौंडी थाने में ट्रक चालक के खिलाफ 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। रायपुर निवासी प्रकाश चंद्र झा ने बताया कि गुरुवार को अपनी कार आल्टो क्रमांक सीजी 04 एससी 5478 से अपने सहकर्मी राशिद अली निवासी चन्द्रा नगर कोहका भिलाई के साथ दल्लीराजहरा आये थे। अपना काम करने के बाद खाना खाने के लिये दोपहर को चोरहापड़ाव में ढाबा के पास पहुंचे थे कि अचानक पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीपी 0352 के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर से कार का दाहिना साइड क्षतिग्रस्त हो गया है। हम दोनों को किसी प्रकार का चोंट नहीं आयी है।

### जीजा को साले ने डंडे से पीटा, अपराध दर्ज

**बालोद।** जीजा को साले ने डंडे से पिटाई कर दी। कोतवाली थाने में बुधवार को आरोपी साले आशीष के खिलाफ धारा 115(2), 351(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। ग्राम तरौद निवासी दिव्या साहू ने बताया कि इस वर्ष मार्च में गांव के नुतन साहू के साथ प्रेम विवाह हुआ है। इस बात को लेकर मेरे मायके पक्ष के लोग आक्रोशित रहते हैं। बुधवार को पति नुतन साहू अपने मोटर सायकिल से अपने दोस्त के घर जा रहा था, तभी नुतन साहू को मेरा भाई आशीष तुम मुझे सकल मत दिखाना कहकर बांस के डण्डा से मारा, जिसे जिला अस्पताल बालोद में भर्ती कराया गया था। बहन दिव्या साहू की शिकायत पर भाई आशीष के खिलाफ अपराध कायम किया गया है।

### परसदा में गुरु घासीदास जयंती एवं मड़ई मेला आज

**अंडा।** ग्राम परसदा (डंगनिया) में 21 दिसंबर को मेला मड़ई व गुरु घासीदास की 268 वीं जयंती समारोह मनाया जायेगा। इसके उपलक्ष्य में दोपहर 12 बजे से मंगल चौका आरती का आयोजन ग्राम भाटापारा के सानिध्य में शाम 4 बजे गुरु घासीदास बाबा की पूजा अर्चना कर अतिथियों द्वार ध्वजारोहण किया जाएगा। चौका आरती का कार्यक्रम 7 बजे समापन कर, रात्रि कार्यक्रम 9 बजे से ग्राम रानीदाहर कबीरधाम द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी जावेगी। सरपंच व सेवा सहकारी समिति परसदा के अध्यक्ष कुलदीप साहू और नवयुवक सतनाम समिति अध्यक्ष कमलेश सिरमौर ने बताया कि आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है।

# मुख्यमंत्री आज 209 करोड़ से अधिक विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकापर्ण करेंगे

## राज्य स्तरीय ओपन पंथी नृत्य प्रतियोगिता एवं गुरु घासीदास लोककला महोत्सव में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 21 दिसम्बर जिले के नवागढ़ ब्लॉक मुख्यालय में 19 दिसंबर से आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय ओपन पंथी नृत्य प्रतियोगिता एवं गुरु घासीदास लोककला महोत्सव के समापन्न कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय यहां 209 करोड़ 12 लाख 57 हजार के 74 विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकापर्ण करेंगे। इनमें 47 करोड़ 44 लाख 81 हजार रूपये के 24 कार्यों का भूमिपूजन और 161 करोड़ 67 लाख 76 हजार रूपये के 49 कार्यों का लोकापर्ण करेंगे। इनमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की 5 करोड़ 52 लाख 10 हजार रूपये की चार सड़क, जलसंसाधन के 33 करोड़ 81 लाख 12 हजार रूपये के 12 कार्य, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के 15 करोड़ 5 लाख 25 हजार रूपये के 3 कार्यों का भूमि पूजन करेंगे। इसी प्रकार समाज कल्याण के 50 लाख रूपये के एक काम, लोक निर्माण विभाग के 2 करोड़ 50 लाख 16 हजार, ग्रामीण यांत्रिकी के एक कार्य 2 करोड़ 33 लाख 60 हजार रूपये का भूमि पूजन होगा। वहीं नगर पंचायत नवागढ़ के 1 काम करोड़ 22 लाख 58 हजार रूपये 1 कार्य इस तरह 47 करोड़ 44 लाख 81 हजार रूपये के 25 कार्यों का भूमिपूजन होगा।



### इन कार्यों का होगा लोकार्पण

मुख्य मंत्री 161 करोड़ 67 लाख 76 हजार रुपये के 49 कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इनमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के 7 करोड़ 33 लाख 30 हजार के पांच कार्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के 48 करोड़ 91 लाख 53 हजार के 6 कार्य, छत्तीसगढ़ गृह मंडल के 3 करोड़ 52 लाख 60 हजार के पांच, पशुधन विकास के 31.24 लाख का एक कार्य शामिल हैं। इसी प्रकार राज्य सहकारी दुग्ध संघ का 2 करोड़ का एक काम, जल संसाधन के 6 करोड़ 77 लाख 75 हजार, लोक निर्माण के 70 करोड़ 73 लाख 64 हजार के 20 विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। वहीं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत के 22 करोड़ रुपये का एक कार्य शामिल हैं। इसी प्रकार ग्रामीण यांत्रिकी सेवा 1 करोड़ 7 लाख 70 हजार का कार्य का भी लोकार्पण होगा।

मुख्यमंत्री साय निर्धारित कार्यक्रम अनुसार राजधानी रायपुर से 12.20 बजे हेलीकाप्टर से नवागढ़ के किए रवाना होंगे। उनका 12.50 बजे नवागढ़ आगमन होगा। 12.55 से 1.55 तक बाबा घासीदास जयंती समारोह में रहेंगे। मुख्य मंत्री अपराह्न 3.00 बजे नवागढ़ से हेलीकाप्टर द्वारा प्रस्थान करेंगे।

## पर्व

# गुरु घासीदास ने दिया मनखे मनखे एक समान का संदेश

### गुरु घासीदास जयंती में शामिल हुए पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम पंचायत कुम्ही (ख) में बाबा घासीदास जयंती मनाई गई, जहां पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास ने छत्तीसगढ़ में सतनामी समुदाय की स्थापना 'सतनाम' के सिद्धांत पर की, जिसका अर्थ है सत्य और समानता। वे एक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व थे, जिन्होंने जातिगत भेदभाव और अस्पृश्यता जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाई। गुरु घासीदास ने सत्य का प्रतीक जैतखाम की रचना की।

एक सफेद रंग का लकड़ी का लट्ठा, जिसके शीर्ष पर एक सफेद झंड़ा होता है, जो सत्य के मार्ग पर चलने वाले श्वेत व्यक्ति का प्रतीक है। 'सतनाम' सदैव स्थिर रहता है और सत्य का स्तंभ (सत्य स्तंभ) माना जाता है तथा मनखे मनखे एक समान के महान विचार से समाज में समरसता और समानता की अलख जगाने वाले सतनाम पंथ के प्रवर्तक संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास के बताऐ रास्ते आज सम्पूर्ण मानव समाज के लिए पथप्रदर्शक है। बाबा की जयंती पर उन्हें कोटि कोटी प्रणाम।



#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर रोशन वर्मा, गुलजार वर्मा, शुभम वर्मा, मनीष टंडन, सरपंच नवाज खान, शत्रुघ्न दास, भारती, लालाराम डहरिया, अनिल सेन, बलदाऊ डहरिया, टिकेंद्र साहू, संतान दास पात्रे, कृष्ण दास भारती, शिवकुमार भारती, जगदीश भारती, गंगाधर पात्रे, अजीत कुमार, रामलाल डेहरे, हेमदास दिवाकर, राजेश दिवाकर, मनहरण टंडन, संतोष टंडन, रवि पात्रे, शेर सिंह डहरिया सहित ग्रामवासी एवं पंथी पार्टी के सभी सदस्य उपस्थित थे।


### गुरु घासीदास ने मानवता और भाईचारे का संदेश दिया, जो आज भी सार्थक है : योगेश तिवारी

■ गुनरबोड में आयोजित गुरु घासीदास जयंती समारोह में शामिल हुए योगेश तिवारी

**बेमेतरा।** क्षेत्र के ग्राम गुनरबोड में आयोजित गुरु घासीदास जयंती समारोह में भाजपा नेता योगेश तिवारी बतौर अतिथि शामिल हुए। उन्होंने गुरुगद्दी व जैतखंभ की पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों की खुशहाली व समृद्धि की कामना किया। इस अवसर पर योगेश तिवारी ने कहा कि आज हम सभी गुरु घासीदास की जयंती हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। बाबा का संदेश है कि मनखे-मनखे एक समान इससे बढ़कर दूसरा कोई संदेश नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने मानवता और भाईचारे का संदेश दिया है जो आज भी सार्थक है। उन्होंने कहा कि बाबा ने सत्य के रास्ते में चलने का संदेश दिया है। जैतखाम में सफेद ध्वजा शांति भाईचारे का प्रतीक है। गुरु घासीदास ने छत्तीसगढ़ में सतनामी समुदाय की स्थापना सतनाम के सिद्धांत पर की, जिसका अर्थ हैं सत्य और समानता। कार्यक्रम में चितेंद्र वर्मा सरपंच, गंगाधर बंजारे, कलीराम बंजारे, देवचरण मांडले, हरिचंद्र धृतलहरें, परदेशी सोनवानी, गोपाल सोनवानी, विष्णु धृतलहरे, बालकदास बघेल, मीनाराम साहू, सजन कोसले एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# ट्रक ने ई-स्कूटी को मारी ठोकर, एक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ ट्रक चालक मौके से हुआ फरार

जिला मुख्यालय स्थित ग्राम अमोरा में अज्ञात वाहन ने गुरुवार रात 7 बजे दो पहिया वाहन स्कूटी को ठोकर मारकर फरार हो गया। उक्त घटना में स्कूटी सवार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर ठोकर मारकर फरार होने वाले वाहन चालक की तलाश में जुट गई है।

जानकारी अनुसार मृतक गुलाब दास साहू, बेरला थाना क्षेत्र के ग्राम खाल्हे देवरी के निवासी व अपने गांव के मित्र हेमंत साहू के साथ ई स्कूटी पर ट्रैक्टर का समान खरीददारी करने के लिए बेमेतरा शहर आ रहा था। इसी दौरान ग्राम अमोरा के समीप प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक एक ट्रक ने स्कूटी को पीछे से जोरदार ठोकर मार दिया, जिससे मौके पर ही गुलाब दास साहू की मौत हो गई।

वहीं स्कूटी में पीछे सवार उसका साथी हेमंत साहू के दूर छिटक गया। ठोकर मारने के पश्चात चालक ट्रक सहित मौके से फरार हो गया। मामले में सिटी कोतवाली मर्ग कायम कर जांच में जुटी है। सुबह चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द किया।

# प्रज्ञा निर्वाणी ने किया सीसी रोड़ निर्माण कार्य का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा





जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने सीसी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। महतारी वंदन से आये परिवर्तन पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जब तक विष्णुदेव साय की सरकार है महतारी वन्दन की राशि बहनों के खाते में सीधे आते रहेगी। इसमें किसी भी प्रकार के कोई शक की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। कांग्रेस का नाम लेते हुए कहा कि कांग्रेस में विवाद, परिवारवाद और पूंजीवाद है, जबकि भारतीय जनता पार्टी का एकमात्र भरोसा विकास वाद और राष्ट्रवाद में है। बेमेतरा जिले के कोने कोने के विकास के लिए पंच से लेकर पार्षद तक और सरपंच से लेकर जिला जनपद में पूर्ण बहुमत से भाजपा का प्रत्याशी जीत कर आये, यह हमें तय करना है,

कार्यक्रम के पश्चात जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने पंडित गोस्वामी के परिवार से जाकर मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना।

# नपा में मतदान के लिए पहचान पत्र अनिवार्य

**बेमेतरा।** नगरपालिका के सभी निर्वाचकों को आम निर्वाचन तथा उप निर्वाचन में मतदान केन्द्र पर मत डालने अपना पहचान स्थापित करने 18 प्रकार के दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज लेकर जाना है। इसमें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदाय किया गया मतदाता परीक्षा पत्र, बैंक/डाकघर फोटो युक्त पासबुक, पासपोर्ट, पैन कार्ड, आधार कार्ड, राज्य केंद्र सरकार सर्वाधिक क्षेत्र के उपक्रम या स्थानीय निकाय द्वारा उनके अधिकारी एवं कर्मचारियों को जारी किया गया फोटो युक्त सेवा पहचान पत्र, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटो युक्त स्वास्थ्य बीमा योजना स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, स्वतंत्रता सेनानी फोटो युक्त पहचान पत्र, केंद्रीय अथवा राज्य माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी 10वीं एवं 12वीं की फोटो युक्त अंकसूची, बार कांशील द्वारा अधिवक्ताओं को जारी फोटो युक्त परिचय पत्र, फोटो युक्त विकलांगता प्रमाण पत्र, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी वैध फोटो युक्त राशन कार्ड, महाविद्यालय अथवा विद्यालय द्वारा जारी फोटो युक्त छात्र पहचान पत्र एवं फोटो युक्त शस्त्र लाइसेंस, छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर **SEC-ER** द्वारा ऑनलाइन जेनरेशन मतदाता पहचान पर्ची मतदान केन्द्र के पीठासीन अधिकारी या इस निमित्त प्राधिकृत मतदान अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।

# अंतर्राष्ट्रीय मानव दिवस पर छात्रों ने बनाई मानव श्रृंखला

## दिया सद्भावना एवं एकता का सन्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा





साजा विकासखण्ड के पूर्व माध्यमिक शाला रानो में अंतराष्ट्रीय मानव एकता दिवस मनाया गया। इसमें शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा मानव श्रृंखला बनाई गई। इस अवसर पर बच्चों ने सुन्दर चित्र एवं चार्ट भी बनाए। शाला की नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने बताया कि 20 दिसंबर को मानव एकता दिवस दुनियां की विविधता में एकता का जश्न मनाने के लिए मनाया जाता है।

हमारा भारत एक धर्म निरपेक्ष राष्ट्र है तथा अनेकता में एकता यहां की प्रमुख विशेषता है। एकजुटता को साझा हितों और उद्देश्यों के बारे में जागरूकता के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो कि एकता की मनोवैज्ञानिक भावना पैदा करती है। देश और दुनियां में बीस दिसंबर का इतिहास कई महत्वपूर्ण घटनाओं का साक्षी भी है। कई महत्वपूर्ण घटनाएं हमेशा के लिए इतिहास के पन्नों में दर्ज़ हो गई हैं। शिक्षिका प्रतीक जैन ने बच्चों को बताया कि आज ही के दिन सन 1955 में भारतीय गोल्फ़ संघ का गठन हुआ था। साथ ही शिक्षिका ने यह भी बताया कि 1876 में आज ही के दिन महान कवि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने हमारे राष्ट्रगीत वन्दे-मातरम की रचना की थी। इस अवसर पर रानो पंचायत के सरपंच रामलाल वर्मा, शाला के प्रधान पाठक किशुन राम साहू, समस्त स्टॉफ एवं बच्चे तथा ग्रामीण गीतेश सेन उपस्थित रहे।

## प्राथमिक शाला में मना भारतीय भाषा उत्सव

# भाषा उत्सव में शामिल है भारतीय भाषाओं व संस्कृतियों के प्रति सम्मान

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

भारतीय भाषा उत्सव 2024 का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला समेसर में आयोजित किया गया। यह उत्सव बच्चों में भारतीय भाषाओं, संस्कृतियों के प्रति सम्मान, जागरूकता और रुचि को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार प्राप्त शाला की नवाचारी शिक्षिका गोपेश्वरी साहू ने बताया कि प्रथम दिवस विद्यालय में दीवार भित्ति पत्रिका बनाई गई। इसमें बच्चों द्वारा उपयोगी शब्दों और सरल वाक्यों को विभिन्न भारतीय भाषाओं में प्रदर्शित कि गया। इसका लाभ यह हुआ कि बच्चे दीवार भित्ति पत्रिका को देखकर स्वयं चित्र बनाए। इस गतिविधि को कराने से बच्चों में लेखन कौशल जैसे विचारों की अभिव्यक्ति, तार्किक सोच, कल्पना शीलता, रचनात्मक का विकास होता है और साथ में बच्चों द्वारा उपयोगी शब्दों और सरल वाक्यों को विभिन्न भारतीय भाषाओं में प्रदर्शित कर पाना। बच्चे अपने स्तर व समझ अनुसार चित्रों को देखकर उत्साहित होते है। द्विती य दिवस टेक्नोलॉजी के माध्यम से भारतीय भाषाओं को समझने और उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके लिए हम पाठय पुस्तक, मोबाइल, कंप्यूटर, टीवी आदि डिजिटल सामग्री का उपयोग कर सकते हैं। इससे बच्चों में टेक्नालाजी को समझाने में आसान हो जाता है। तृतीय दिवस कहानी कविता उत्सव कार्यक्रम के तहत समुदाय के बुजुर्गों से संपर्क कर विद्यालय में आमंत्रित कर कहानी सुनाने हेतु निवेदन किया गया। जिसे स्वीकार करते हुए बच्चों और शिक्षकों के बीच कहानी सुनाया गया और साथ में बच्चों व शिक्षकों के द्वारा भी कहानी सुनाया गया। उसके बाद कहानी वाचन से संबंधित प्रश्न पूछे गए। जिससे बच्चों में कल्पना शक्ति, तार्किक सोच, विचार अभिव्यक्ति कौशल, आगे क्या होगा? जैसे प्रश्नों पर अपनी समझ बना पाए। चतुर्थ दिवस भारतीय भाषा आधारित प्रदर्शनी आयोजित किया गया। भाषा से संबंधित अलग अलग राज्यों की भाषा को जोड़कर कहानी सुनाना और बच्चों को सुनाने हेतु प्रेरित करना और साथ में राज्यों से संबंधित कविताएं, चित्र प्रदर्शित करना। इस कार्यक्रम में शाला की प्रधान पाठिका साधना साहू, नवाचारी शिक्षिका गोपेश्वरी साहू और दिलीप कुमार जांगड़े का विशेष सहयोग रहा। इसके माध्यम से बच्चों में अलग अलग राज्यों के भाषाओं खान पान रहन सहन, बोली, पहनावा की समझ बना पाए। पंचम दिवस भारतीय भाषा उत्सव 2024 के अंतर्गत बच्चों के बीच कविता, भाषण पर वाद - विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।





### शादी के लिए रखे पांच लाख और जेवर जलकर खाक

**भिलाई।** सब्जी व्यापारी के घर में आग लगने मामला सामने आया है। घटना में 5 लाख रुपए कैश और जेवर जलकर राख हो गया। घटना शार्ट सर्किट से होना बताया जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक वार्ड 8 कृष्णा नगर निवासी हीरामन साव व रूबी देवी के मकान में गुरुवार की दोपहर अचानक आग लग गई। हीरामन साव का परिवार सब्जी का व्यापार करते हैं। हीरामन साव की पत्नी रूबी देवी ने बताया कि घर के सभी लोग शांति भोज कार्यक्रम में गए हुए थे। कुछ देर बाद पड़ोसियों ने सूचना दी कि घर पर आग गई है। सभी भागे-भागे घर पहुंचे तो देखा कि पूरा मकान जल गया। छप्पर जलने के साथ ही घर का पूरा सामान जलकर खाक हो गया।

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### गिरौदपुरी के जैतखाम की प्रतिकृति वाली झांकी के साथ निकाली शोभायात्रा

**रायपुर।** सतनामी समाज द्वारा खमतराई के सतनाम भवन में दो दिवसीय गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया। गुरुवार को सुबह 8 बजे से मंगल भजन और पंथी नृत्य के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। दोपहर 2 बजे सतनाम भवन में स्थित जोड़ा जैतखाम व गुरु गद्दी की पूजा-अर्चना कर मंगल आरती की गई। इस मौके पर जय सतनाम के जयकारे के साथ सात श्वेत ध्वज वाहक संतों की अगवाई में शोभायात्रा उत्साह के साथ निकाली गई। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत आमंत्रित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सतनाम सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजमहंत सुन्दर लाल लहरे ने की। जयंती कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समाज के अध्यक्ष सुरेश लहरे, सचिव गोविंद सोनवानी, अगरलाल लहरे, मिनीमाता महिला समिति की प्रमुख गिरिजा टण्ड, लता सोनवानी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### व्यावसायिक शिक्षा परियोजना की 121 सीटों के आवंटन में अनियमितता का आरोप

**रायपुर।** केंद्र सरकार की नवीन व्यावसायिक शिक्षा परियोजना के तहत एक कंपनी को 121 सीटों के आवटन में अनियमितता का आरोप लगा है। सेजबहार रायपुर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष अग्रवाल ने समग्र शिक्षा विभाग के प्रबंध संचालक को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि 121 सीटों का आवंटन बिना सूचना निविदा निकाले तथा अन्य चयन की प्रक्रियाओं का पालन किए बिना आवंटित कर दिया गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि कंपनी का पूर्व में भी कार्य संतोषजनक नहीं रहा है, फिर भी शाखा प्रमुख ने प्रत्येक सीट पर 15 हजार रुपए लेकर चयन प्रक्रिया में सिर्फ कंपनी को ही ढील देकर सभी सीटों को आवंटित कर दिया है।

### धन्नू बने प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू, संदीप साहू और पवन साहू ने धन्नू साहू को प्रदेश उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ के पद से प्रमोट करते हुए प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है, जिससे युवाओं में उत्साह का माहौल है। धन्नू साहू ने सभी का आभार प्रकट किया है।



### राजमाता अहिल्याबाई होलकर पर लिखित कॉमिक्स का विमोचन



**रायपुर।** पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जन्म जयंती समारोह समिति, छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में शहर के पंडरी स्थित जागृति मंडल में पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर आधारित प्रेरक प्रसंग पर कॉमिक्स पुस्तक का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक डॉ. टोपलाल वर्मा ने माता अहिल्याबाई होलकर के समग्र विकास के लिए किए गए कार्य के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होलकर महादेव की भक्त थीं और सिंहासन पर शिवलिंग रखकर शासन किया तथा हिंदुओं के धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार किया। इसके बाद कॉमिक्स के लेखक और संपादक कार्टूनिस्ट त्र्यंबक शर्मा ने पुस्तक के विषय में बताया। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि महान राजमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन को कम पृष्ठों में तैयार करना अपने आप में एक चुनौतीपूर्ण कार्य रहा, परंतु उचित शोध और मार्गदर्शक मंडल के सहयोग से संपन्न हो पाया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक अभय राम, सदस्य मनीष कश्यप, हेमंत सैनी, शुभम अग्रवाल आदि शामिल हुए।

# विधानसभा में सरकार को घेरने में अपने ही आगे, विपक्ष रह गया पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

विधानसभा में लग रहे सवालों में यह देखने में आया है कि अपनी ही सरकार के मामलों को भाजपा के वरिष्ठ विधायक दमदारी से उठा रहे हैं। यहां तक कि उनके सवालों से मंत्री भी घिरते नजर आ रहे हैं। यहां पर विपक्ष से ज्यादा धार अपनों के सवालों में नजर आती है। मंत्री भी उनके सवालों को पूरी तवज्जो दे रहे हैं और विभागीय प्रक्रियाओं के तहत मामले की समीक्षा और परीक्षण करने के लिए मजबूर हैं। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीन दिन की कार्यवाही देखी जाए तो भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के सवालों पर ही पूरे सदन में चर्चा रही।

विधानसभा चुनाव में भाजपा के कई वरिष्ठ विधायक चुनाव जीतकर आए हैं। इन विधायकों ने पूर्व की सरकार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। नई सरकार बनने के बाद उन्हें उम्मीद थी, उन्हें कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलेगी, पर ऐसा नहीं हुआ। ऐसे में उन्होंने सरकार के कामकाज पर बारीकी से नजर रखनी शुरू की। प्रदेशभर में हो रहे निर्माण कार्य और उनमें गड़बड़ी के मामलों को विधानसभा में उठाकर प्रशासनिक खामियों को सामने लाने का काम कर रहे हैं। मंत्री उनके सवालों पर जवाब नहीं दे पा रहे हैं। तथ्यों सहित उठ रहे मामलों में मंत्रियों को सीधे तौर पर जांच के आदेश देने मजबूर होना पड़ रहा है। चालू सत्र में तीन दिन की कार्यवाही देखें तो पता चलता है कि भाजपा विधायकों के सवालों पर ही सदन में घोषणाएं करनी पड़ीं। विपक्ष यहां उनके सामने फीका नजर आ रहा है।

## विधानसभा में भाजपा विधायक पड़ रहे मंत्रियों पर भारी

### स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट मामला



स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के मामले में राजेश मूणत और नए विधायक सुनील सोनी ने जमकर तेवर दिखाए। उन्होंने मंत्री को अपने सवालों से ऐसा घेरा कि उन्हें इसे स्वीकार करते हुए पूरे मामले का परीक्षण और मौके पर जांच कराने की बात कहनी पड़ी। राजधानी में हमर अस्पतालों के भवन बनाने के बजाय सामुदायिक भवन में संचालित करने का मामला भी सामने आया। यह मामला भी भाजपा के श्री मूणत ने ही उठाया। मामले में स्वास्थ्य मंत्री को जांच का आदेश देना पड़ा।



### धर्मजीत भी नहीं रहे पीछे

भाजपा के वरिष्ठ विधायक धर्मजीत सिंह अपने चुटीले अंदाज के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अस्पतालों में फायर ऑडिट न कराने को लेकर स्वास्थ्य मंत्री को ऐसा घेरा कि वे जवाब नहीं दे पाए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को उनके बचाव में सामने आना पड़ा। ऑडिट कब कितने अस्पतालों में हुआ और उनकी संख्या क्या है, अफसर इसे नहीं बता पाए।

### सड़क निर्माण में गड़बड़ी



इस सत्र में पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने भी कड़े तेवर दिखाए। गुरुवार को सदन में दंतेवाड़ा में सड़क निर्माण में गड़बड़ी का लेकर गृहमंत्री को अजय चंद्राकर ने घेरा, उन्होंने भुगतान को लेकर सवाल उठाया। हालांकि पूरा मामला पूर्ववर्ती सरकार के समय का है, लेकिन इसमें जांच इस सरकार के समय हुई। तब पाया गया कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता का कोई ध्यान नहीं रखा गया। ठेकेदार भी पूरे मामले में दोषी पाया गया। अफसरों को निलंबित करते हुए पूरे मामले की जांच की घोषणा करनी पड़ी।

### नए विधायकों ने भी दिखाए तेवर

राजधानी में शासकीय जमीन पर अवैध कब्जों को लेकर सवाल उठे। राजस्व मंत्री ने उनके सामने सरेंडर होते हुए साफ कर दिया कि वे अकेले यह हटाने में सक्षम नहीं हैं। मंत्री को भाजपा के वरिष्ठ विधायकों ने घेरा और मजबूर किया कि पंजीयन के नियमों में परिवर्तन करने के बाद ही पूरा मामला हल होगा। सदन में इसकी घोषणा करनी पड़ी। विधानसभा में नए विधायकों में सुशांत शुक्ला और अनुज शर्मा ने भी तेवर दिखाए।

### जल जीवन मिशन पर कौशिक ने घेरा



विधानसभा सत्र के दूसरे दिन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने जल जीवन मिशन में चल रही अनियमितताओं को सामने लाया। उनके सवालों का विभागीय मंत्री कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। तथ्यों को लेकर उन्हें जांच के लिए सहमत होना पड़ा। उन्होंने बिलासपुर और प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से काम पाने वाले ठेकेदारों का मामला उठाया। इसके पूर्व पहले दिन पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने जल जीवन मिशन के कार्यप्रणाली पर ही प्रश्नचिन्ह लगा दिया। बिना जल स्रोत के टंकी और पाइप लाइन बिछाने के मामले में मंत्री को कड़ा एक्शन लेने मजबूर किया।

## कमेटी करेगी पार्षद प्रत्याशी के लिए मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- नगरीय निकाय चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी की समिति गठित

आने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसके लिए समिति आम आदमी पार्टी द्वारा गठित की गई है। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव की जल्द ही तारीख तय होने वाली है, इसी के मद्देनजर प्रदेश में आम आदमी पार्टी ने मशक्कत शुरू कर दी है। गुरुवार को आम आदमी पार्टी द्वारा 25 सदस्यों की एक प्रदेश स्तरीय चुनाव समिति का गठन किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू, प्रदेश संगठन महासचिव जसबीर सिंह, प्रदेश महासचिव वदूद आलम और सूरज उपाध्याय की अनुशंसा पर गठित समिति प्रदेश के सभी वार्डों के आरक्षण को ध्यान देते हुए समिति जल्द ही सभी संभावित दावेदारों की सूची प्रदेश कार्यालय को सौपेंगी।

### कमेटी में इनके नाम

राजधानी के सभी 70 वार्ड में आम आदमी पार्टी अपने प्रत्याशी उतारेगी अथवा कुछ वार्ड में ही फोकस करते हुए प्रत्याशी उतारे जाएंगे, इसे लेकर अंतिम फैसला नहीं हो सका है। प्रत्याशियों की स्थिति तथा जीत की संभावना देखते हुए मंथन के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। गठित की गई कमेटी में राजेंद्र बहादुर, दुर्गा झा, देवलाल नरेटी, बल्लू राम भवानी, मिथलेश बघेल, अरुण नायर, आदित्य मिश्रा, तेजेंद्र तोडेकर, संजीत विश्वकर्मा, एमएम हैदरी सहित 25 नाम हैं। प्रदेशाध्यक्ष गोपाल साहू का कहना है कि आगामी नगरीय निकाय चुनावों मे पार्टी पूरी दमदारी से प्रदेश में चुनाव लड़ेगी और शानदार सफलता हासिल करेगी।

### भाजपा नेताओं ने कहा- कांग्रेस अपराध की चिंता करने का दिखावा करती है

# कांग्रेस नेताओं के बयान से साफ, बलौदा बाजार कांड में उनकी पार्टी की भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कंडेय ने कहा, कांग्रेस की विधायक उत्तरी जांगड़े द्वारा अन्य विधायक उमेश पटेल, राम कुमार यादव, चतुरी नंद, कविता प्राण लहरे की उपस्थिति में बलौदा बाजार की आगजनी की घटना को कांग्रेस का शौर्य उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने कार्यकर्ताओं से ऐसा ही प्रदर्शन करने के लिए कहना छत्तीसगढ़ में बढ़ रहे अपराध के पीछे विशेषकर बलौदाबाजार अग्निकांड में कांग्रेस की भूमिका की आत्म स्वीकृति है।

गुरु खुशवंत ने कहा, यह स्पष्ट करता है कि कांग्रेस अपराध की चिंता करने का दिखावा करती है और सभी मामलों में षड्यंत्र करके छत्तीसगढ़ की फिजा खराब करने का प्रयत्न करती है। कांग्रेस ने सामाजिक कार्यक्रम में असामाजिक तत्वों को घुसा कर समाज को बदनाम करने का षड्यंत्र किया अब फिर वह वही षड्यंत्र कर रही है इसके लिए उन्हें समाज से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा, राजीव मितान क्लब बंद होने पर भूपेश बघेल का यह बयान की युवा खाली हो गए हैं इसलिए प्रदेश में बलात्कार और हत्या की घटनाएं व अपराध बढ़ रहे हैं। इससे साफ है कांग्रेस ने अपराधियों को संरक्षण देकर रखा था। शिक्षक दिवस के दिन बलौदाबाजार के हेड मास्टर पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर के पर पैसा ऐंठने का आरोप लगाकर आत्महत्या कर लेते हैं। सूरजपुर में एक पुलिस हेड कांस्टेबल की पत्नी और मासूम बच्ची की हत्या के मामले में कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई के पदाधिकारी कुलदीप साहू की संलिप्तता सामने आई थी।




- बलौदाबाजार अग्निकांड में कांग्रेस की भूमिका की आत्म स्वीकृति

### रायपुर-अंबिकापुर-बिलासपुर विमान सेवा छत्तीसगढ़ की एक और ऊंची उड़ान



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने रायपुर-अंबिकापुर-बिलासपुर विमान सेवा के शुरू होने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री देव ने कहा, सरगुजा को हवाई यात्रा सेवा से जोड़ने की मांग एक लंबे अरसे से की जा रही थी, जिसे प्रदेश की संवेदनशील भाजपा सरकार ने साकार करके दिखाया है। यह छत्तीसगढ़ की एक और ऊंची उड़ान है और अंबिकापुर समेत सरगुजा संभाग के आधा दर्जन जिले इस हवाई यात्रा सुविधा से लाभान्वित होंगे। श्री देव ने कहा, यह नई विमान सेवा न केवल इन शहरों के बीच की दूरी कम करेगी, बल्कि पर्यटन, व्यापार और रोजगार के नए अवसरों का निर्माण करेगी, साथ ही क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगी। श्री देव ने बताया, अंबिकापुर को रायपुर के अतिरिक्त वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, दिल्ली एवं कोलकाता से जोड़ने का प्रयास जारी है।

## बृजमोहन बोले- जैव-सीएनजी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, छत्तीसगढ़ में जैव-सीएनजी संयंत्रों की स्थापना से राज्य में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिल रहा है। यह न केवल पर्यावरणीय लाभ प्रदान कर रहा है, बल्कि कृषि अवशेषों और गोबर जैसे संसाधनों के उपयोग से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहा है।

श्री अग्रवाल ने बताया, उन्होंने छत्तीसगढ़ में सीएनजी संयंत्रों को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक और पर्यावरणीय लाभों को ध्यान में रखते हुए उठाए गए कदमों की लोकसभा में जानकारी मांगी थी। इस पर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने बताया, छत्तीसगढ़ में जैव-सीएनजी (सीबीजी) संयंत्रों की स्थापना के लिए केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर काम कर रही हैं। छत्तीसगढ़ सरकार ने वर्ष 2024-30 की नवीनतम औद्योगिक नीति के तहत बायो-सीएनजी संयंत्रों को प्रोत्साहित करने के लिए कई वित्तीय और अन्य सुविधाएं प्रदान की हैं। इनमें विद्युत शुल्क, स्टांप शुल्क, और पंजीकरण शुल्क में छूट शामिल है। गोबरधन पोर्टल के अनुसार, छत्तीसगढ़ में अब तक 18 सीबीजी परियोजनाएं पंजीकृत की गई हैं, जिनमें से एक परियोजना कार्यरत है और तीन निर्माणाधीन हैं। प्रत्येक संयंत्र स्थानीय स्तर पर लगभग 25 प्रत्यक्ष और 50 अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा करता है। इसके साथ ही, स्थानीय निर्माण और सहायक कार्यकलापों में भी लोगों को रोजगार मिल रहा है।

## बीएड अभ्यर्थियों की गुहार सड़क पर आ जाएगा परिवार




- बीएड अभ्यर्थियों को मिला अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक संघों का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सेवा सुरक्षा की मांग को लेकर आंदोलनरत बीएड अभ्यर्थियों के समर्थन में अब अधिकारी -कर्मचारी संघ, राजपत्रित संघ और शिक्षक संगठन भी सामने आ गए हैं।

सेवा सुरक्षा की मांग को लेकर गुरुवार से तूता में बीएड अभ्यर्थी बैठ गए हैं। धरना देने से पहले वे अपनी मांगों को लेकर सरगुजा से रायपुर तक पद यात्रा भी निकाल चुके हैं। धरने में बैठे सहायक शिक्षकों का कहना है कि हमारी नियुक्ति भारत सरकार के राजपत्र और छत्तीसगढ़ सरकार के भर्ती नियम के आधार पर हुई थी। अभ्यर्थी गाइडलाइन तय नहीं करते हैं। यदि हमें नौकरी से निकाल दिया जाएगा तो हमारा पूरा परिवार सड़क पर आ जाएगा।

### अंबिकापुर से पैदल चलकर पहुंचे तूता

अधिकारी-कर्मचारी संगठन तथा राजपत्रित आधिकारी संघ के अध्यक्ष कमल वर्मा ने शासन से बीएड अभ्यर्थियों के योग्यता के अनुरूप समायोजन की मांग की। 350 किमी यात्रा करके देर रात राजधानी पहुंचने पर शिक्षक संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने भी अपने संघ का पूरा समर्थन,सहानुभूति बीएड अभ्यर्थियों के प्रति दिखाई। अम्बिकापुर से पैदल चल कर तूता पहुंचे इन सहायक शिक्षकों का कहना है कि यदि शासन द्वारा सेवा-सुरक्षा के विषय में कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया जाता, तो यह तीन दिवसीय धरना अनिश्चितकालीन हड़ताल का रूप ले सकता है।

## कस्टम मिलिंग का भुगतान दो हिस्सों में मिलेगा, नीति में हुआ ये नया बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- डिलीवरी आदेश के बाद 10 दिनों में उठाव जरूरी
- मिलरों को क्षमता का 75 प्रतिशत धान ही मिलेगा

छत्तीसगढ़ में धान की कस्टम मिलिंग के लिए बनाई गई 2024-25 की मिलिंग नीति में मिलरों को किए जाने वाले भुगतान को लेकर नया बदलाव किया गया है।

अब मिलरों द्वारा न्यूनतम दो माह की क्षमता या जिले में उपलब्ध या अंतर जिला में आवंटित धान की मात्रा के आधार पर कस्टम मिलिंग करने पर इस राशि की दर से 50 प्रतिशत राशि का भुगतान कस्टम मिलिंग शुल्क के साथ किया जाएगा। शेष 50 प्रतिशत राशि का भुगतान केंद्रीय पूल में निर्धारित लक्ष्य की पूरी मात्रा जमा होने के बाद किया जाएगा। राज्य सरकार ने कस्टम मिलिंग पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित मिलिंग दर के अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि 80 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से अदा करेगी। इसके साथ ही कस्टम मिलिंग की प्रक्रिया के संबंध में तय किया गया है कि कंप्यूटरीकृत प्रक्रिया के माध्यम से समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग कार्य पूरा किया जाएगा। मिलिंग प्रक्रिया के दौरान कंप्यूटरीकरण का काम प्रबंध संचालक मार्कफेड की देखरेख में होगा। मिलिंग के लिए मिलरों का पंजीयन अनिवार्य किया गया है। इशके साथ ही पंजीकृत मिलों को कस्टम मिलिंग की अनुमति कलेक्टर द्वारा दी जाएगी।

### अनियमितता की तो लगाया जाएगा प्रतिबंध

नीति में ये भी कहा गया है कि कस्टम मिलरों को उनकी वार्षिक क्षमता का केवल 75 प्रतिशत धान ही मिलिंग के लिए दिया जाएगा। आधुनिक मिलों और गैर व्यापारिक मिलों को मिलिंग के लिए धान देने में प्राथमिकता दी जाएगी। जिन मिलों के द्वार अनियमित तरीके से स्टॉक का परिवर्तित किया गया या उनके लॉट कई बार नान, एफसीआई में रिजेक्ट हुए हैं ऐसे मिलरों को केंद्रीय पूल के लिए कस्टम मिलिंग से प्रतिबंधित किया जाएगा।



### मिलों की बिजली खपत पर भी रहेगी नजर

कस्टम मिलिंग नीति में यह महत्वपूर्ण प्रावधान किया गया है कि सभी राइस मिल की मासिक खपत के डेटा और मिलों द्वारा प्रत्येक माह जमा कुल सीएमआर की एंट्री की जाएगी। यह डाटा एपीआई के माध्यम से सेंट्रल फुड प्रोक्योरमेंट पोर्टल को भी उपलब्ध कराया जाएगा। राइस मिलों में उपलब्ध धान, चावल के स्टॉक का भौतिक सत्यापन समय समय पर अधिकृत अधिकारियों से करवाने की बात नीति में कही गई है। खरीफ वर्ष 2024-25 के लिए कस्टम मिलिंग के अनुबंध में मिलिंग की समयावधि मिल की मिलिंग क्षमता के अनुसार निर्धारित किया जाए। जिला विपणन अधिकारी द्वारा डिलीवरी आर्डर जारी करने के बाद मिलर द्वारा 10 दिन के भीतर डिलीवरी आर्डर में उल्लेखित मात्रा के अनुसार उठाव करेगा। 10 दिनों में उठाव न करने पर धान की मिलिंग में विलंब रोकने के लिए अनुंबध में दंड का प्रावधान रखने की बात नीति में कही गई है।

### श्रीमद भागवत कथा 2 से, पहले दिन निकलेगी शोभायात्रा

**रायपुर।** मिरानी ग्रुप द्वारा जैनम मानस भवन में सात दिवसीय 2 से 8 जनवरी तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस भागवत कथा का कथावाचक विश्वविख्यात भागवताचार्य रमेश भाई ओझा होंगे। कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि कथा का समय शाम 4 से 7.30 बजे तक होगा। कथा के पहले दिन 2 जनवरी को सुबह 11 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। सौम्याजी दीक्षित गोस्वामी 108 द्वारकेश लाल महाराज, मगनभाई राज्यगुरु मुंबई तथा अयोध्याधाम व अन्य प्रांतों से पधारे साधु-संतों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन शाम 4 बजे होगा। इसके बाद पूज्य भाईश्री द्वारा रसराज प्रभु की कथा अविरल 8 जनवरी तक प्रवाहित होगी।




## डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना का नाम बदले जाने से मनवा कुर्मी समाज नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर/तरपोंगी

- राजधानी में किया प्रदर्शन, प्रदेशभर से जुटे हजारों प्रतिनिधि
- मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

प्रदेश शासन द्वारा डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना का नाम बदले जाने को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी समाज सहित सर्व छत्तीसगढ़िया समाज नाराज है। गुरुवार को प्रदेशभर से विभिन्न समाज के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में राजधानी पहुंचे और नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर प्रदर्शन किया। साथ ही योजना का नाम बदले जाने का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज, छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी समाज सहित सतनामी समाज, धोबी समाज, सेन समाज, साहू समाज, चंद्राकर समाज सहित सर्व छत्तीसगढ़िया समाज के प्रतिनिधि शामिल रहे। मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना का नाम बदला जाना छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वप्नदृष्टा, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाज सुधारक डॉ. खूबचंद बघेल का ही नहीं, अपितु मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज सहित सर्व छत्तीसगढ़िया समाज का भी अपमान है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन का ऐसा अनपेक्षित निर्णय प्रदेश के महापुरुषों के गौरव एवं स्वाभिमान को ठेस पहुंचाने के साथ ही उनकी अस्मिता को मिटाने की साजिश है।








मान. श्री विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
मान. श्री डॉ. रमन सिंह जी
अध्यक्ष, छ.ग. विधानसभा
परमपूज्य बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह
में नवागढ़ पधारे
मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय
व अतिथियों का स्वागत. वंदन.. अभिनंदन...
राज्य स्तरीय पंथी प्रतियोगिता 2024
नवागढ़, जिला - बेमेतरा (छ.ग.)
दिनांक : 19, 20 एवं 21 दिसंबर 2024, स्थान - हाईस्कूल मैदान, नवागढ़
श्री दयालदास बघेल जी
केबिनेट मंत्री छ.ग. शासन एवं
विधायक नवागढ़
विनीत : नवागढ़ विधानसभा के समस्त क्षेत्रवासी

## खबर संक्षेप

### प्रकाश वर्मा बनाए हसदा समिति के अध्यक्ष



**बेमेतरा।** जिले की सेवा सहकारी समितियों में प्राधिकृत अध्यक्ष नियुक्ति का क्रम जारी है। इसी के तहत विधायक दीपेश साहू की अनुशंसा पर बेरला क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश वर्मा को सेवा सहकारी समिति मर्यादित हसदा का प्राधिकृत अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। श्री वर्मा पूर्व में भी समिति के अध्यक्ष निर्वाचित होकर किसानों के बीच अपनी सक्रिय भूमिका निभाए है। पुनः अध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र वासियों में हर्ष व्याप्त है।

### समाज कल्याण विभाग ने वरिष्ठजनों का किया सम्मान

**बालोद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। समाज कल्याण विभाग कार्यालय परिसर झलमला में आयोजित कार्यक्रम में उपसंचालक समाज कल्याण विभाग अजय गेडाम ने वरिष्ठजनों को शॉल, श्रीफल, छड़ी एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर वरिष्ठजनों ने भी अपने जीवन के अनुभव को साझा किया।

### जिपं सदस्य ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन


**गुरूर।** ग्राम पंचायत दरगहन एवं दानीटोला में गुरुवार को जिला पंचायत सदस्य मीना सत्येंद्र साहू द्वारा जिला पंचायत निधि से 9.50 लाख की लागत से निर्माण होने वाले विकास कार्यों की भूमि पूजन किया गया। इसमें ग्राम दानीटोला में 3.50 लाख की नाली निर्माण व दरगहन में 2.50 लाख रुपए का कलामंच एवं 3.50 लाख रुपए का नाली निर्माण कार्य शामिल हैं। भूमि पूजन कार्यक्रम समारोह में सरपंच विजेंद्र धुर्वे, उपसरपंच कल्याण पुरी गोस्वामी, परदेशी राम, मोहन साहू, कमलेश्वरी व पंचगण सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### कलाकारों ने दी संगीत व नृत्य की मोहक प्रस्तुति

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा खुली संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता" का उद्घाटन मंगलवार को महाप्रबंधक ( विजय कुमार के मुख्य आतिथ्य में महात्मा गांधी कलामंदिर सिविक सेंटर में किया गया। विशिष्ट अतिथि उप महाप्रबंधक सहीराम जाखड़ सहित सहायक प्रबंधक अभिजीत भौमिक व डेनिस क्रिष्टी भी उपस्थित थे।

## निधन

### जीवनधर दीवान



**बेमेतरा।** शहर के प्रसिद्ध शिक्षाविद, पूर्व प्राचार्य 96 वर्षीय जीवनधर दीवान का शुक्रवार 20 दिसंबर को निधन हो गया। वह रामधर दीवान के बड़े भाई एवं डॉ. बसुबंधु दीवान के पिता और वसुमित्र दीवान, अन्वेष दीवान के दादा थे। उनका अंतिम संस्कार सिंघौरी मुक्तिधाम बेमेतरा में हुआ। उनके निधन पर क्षेत्र के सामाजिक शिक्षा जगत एवं व्यावसायिक क्षेत्र के लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

### कृष्णा की किडनी का सफलतापूर्वक हुआ ट्रांसप्लांट, अब वह पूरी तरह है स्वस्थ

# मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से कृष्णा को मिली नई जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से शहर के 2 वर्षीय कृष्णा वर्मा को नई जिंदगी मिली है। सरकार की इस योजना से मिले लाभ के लिए कृष्णा के पिता दिनेश वर्मा ने मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रियों का आभार जताया है और कहा कि यह योजना जरूरतमंद लोगों के लिए कारगर साबित हो रही है। विदित हो कि शहर निवासी 2 वर्ष कृष्णा वर्मा एक गंभीर बीमारी से जूझ रहा था। उन्हें क्रोनिक किडनी डिजीज स्टेज-5 से ग्रसित पाया गया, इसके चलते उन्हें तत्काल किडनी के इलाज की आवश्यकता थी।

उनके पिता दिनेश वर्मा, जो एक मिस्त्री का कार्य करके अपने परिवार का जीवन-यापन करते हैं, आर्थिक रूप से इतने सक्षम नहीं थे कि बेटे का महंगा इलाज करा सकें। परिवार में कुल 5 सदस्य हैं, जिनमें उनकी दो बेटियां भी हैं। कृष्णा की हालत दिन-प्रतिदिन बिगड़ती जा रही थी। परिवार के लिए यह एक बेहद कठिन समय था। इलाज के लिए बड़ी धनराशि की आवश्यकता थी, लेकिन उनकी आर्थिक स्थिति ने उन्हें असहाय बना दिया। तभी उन्हें मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के बारे में जानकारी मिली।



**सामूहिक प्रयास से बदली जिंदगी**

कृष्णा वर्मा की यह कहानी यह साबित करती है कि सही समय पर मिली सरकारी सहायता और सामूहिक प्रयास किसी की भी जिंदगी बदल सकते हैं। अब कृष्णा न केवल स्वस्थ जीवन जी रहे हैं, बल्कि उनके परिवार के चेहरे पर भी मुस्कान लौट आई है। यह कहानी सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और समाज के कमजोर वर्ग को सशक्त बनाने की एक प्रेरणादायक मिसाल है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बेमेतरा के मार्गदर्शन में इस योजना के अंतर्गत कृष्णा वर्मा के इलाज के लिए 6 लाख 53 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई। यह राशि उनके इलाज के लिए संजीवनी साबित हुई। जून में कृष्णा की किडनी ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक हुई और अब वह पूरी तरह से स्वस्थ हैं।

कृष्णा के पिता दिनेश वर्मा ने इस योजना का लाभ मिलने पर राहत महसूस की। उनका कहना था कि यदि यह आर्थिक सहायता न मिली होती, तो उनका बेटे का इलाज कराना उनके लिए असंभव था। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और इस योजना के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। उनका मानना है कि इस योजना ने न केवल उनके बेटे को नया जीवन दिया, बल्कि उनके परिवार को आर्थिक संकट से भी बचा लिया। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना ने कृष्णा वर्मा जैसे कई जरूरतमंद परिवारों के लिए उम्मीद की किरण बनकर उनकी जिंदगी बदल दी है। इस योजना के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को जीवन रक्षक इलाज मुहैया कराना सरकार की एक अत्यंत सराहनीय पहल है। दिनेश वर्मा जैसे गरीब और मेहनतकश व्यक्ति के लिए यह योजना किसी वरदान से कम नहीं है।

## रिटायर्ड शिक्षक भाजपा में हुए शामिल, विधायक ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रिटायर्ड शिक्षक अर्जुन सिंह ठाकुर ने विधायक दीपेश साहू के समक्ष भाजपा में शामिल हुए। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अंत्योदय के लक्ष्य के साथ सर्वजन के हित व अधिकार के लिए कार्य करने वाली पार्टी है।

आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नीतियों, कल्याणकारी योजनाओं, ऐतिहासिक उपलब्धियों एवं विकास कार्यों से भारत को एक नई दिशा दी है। हमारा भारत विश्व में अपनी एक अलग पहचान स्थापित कर रहा है। छत्तीसगढ़ की जनता ने भी भाजपा की इसी नीतियों को देखते हुए विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दिलाकर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनाई है। शहर के रिटायर्ड शिक्षक अर्जुन सिंह ठाकुर भाजपा की रीति-नीति से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की, जिनका मैं भाजपा परिवार में स्वागत करता हूं।

भाजपा प्रवेश के बाद मीडिया से बात करते हुए रिटायर्ड शिक्षक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में प्रदेश की जनता उत्साहित है, आज महिलाओं, युवाओं, किसानों, बुजुर्गों एवं प्रत्येक व्यक्ति व वर्ग के लिए डबल इंजन की भाजपा सरकार एक विजन के साथ कर रही है, जहां छत्तीसगढ़ के सर्वांगिण विकास के साथ जनहित के लिए योजनाओं का सुचारू रूप से क्रियान्वयन हो रहा है।

### राज्य स्तरीय टूर्नामेंट के लिए पोस्टर विमोचित

**बालोद।** जिला हॉकी फेडरेशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय हॉकी टूर्नामेंट ग्राम कन्नेवाड़ा (करहिभदर) में 16 से 18 जनवरी तक है, जिसके प्रचार प्रसार के लिए पोस्टर का विमोचन फेडरेशन के अध्यक्ष तोमन साहू के मार्गदर्शन में करहीभदर के सरपंच लीलाराम डड़सेना द्वारा किया गया। इस अवसर पर सरपंच डड़सेना द्वारा पूर्ण रूप से सहयोग करने की बात कही। फेडरेशन के सचिव व कोच तोरण सिन्हा ने इस आयोजन के बारे में बताया कि यह आयोजन 16 वर्ष तक कि बेटियों के लिए रखा गया है, जिसमें 18 जिलों से लगभग 600 खिलाड़ी सम्मिलित होंगे। इनके रहने व भोजन की व्यवस्था भी सबके सहयोग से की जाएगी। फेडरेशन के अध्यक्ष तोमन साहू ने इस आयोजन का उद्देश्य बेटियों को आगे लाने तथा छोटे बच्चों को मोबाइल गेम से बाहर निकालकर मैदान तक वापस लाने और खेलो में रुचि जागृत करने वाला बताया साथ ही जनमानस को इस आयोजन के लिए आगे आकर सहयोग करने की अपील की।

## शिविर में 21 यूनिट रक्तदान हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य शासन के सफल 1 साल पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में जनजागरूकता एवं रक्तदान कर जरूरतमंद व्यक्तियों की जीवन बचाने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वायके ध्रुव, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एमएम रजा, बीपीएम सीके देवांगन के मार्गदर्शन में रक्तदान शिविर का सुचारू रूप से संचालन किया गया। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एमएम रजा, डॉ. विकास पांडेय, डॉ. क्षितिज शुक्ला द्वारा रक्तदान कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ए बसोंड द्वारा निरीक्षण किया गया। उक्त रक्तदान शिविर में 21 यूनिट रक्तदान हुआ। कार्यक्रम के दौरान डॉ. एस के बघेल वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ, बीईटीओयू आर ध्रुव, सुनील नवरंगे, खिलावन टंडन, असेद्र, वसुधा, सोमारानी सेज, तरुण, मोहन, सनत मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम में जिला स्तरीय टीम ब्लड बैंक से भूपेंद्र कुर्रे, कुलेश्वरी परामर्शदाता, विनेश्वर, कृष्ण कुमार वर्मा उपस्थित रहे। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उसकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की, जिला अस्पताल बेमेतरा द्वारा सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद देते हुए बताया कि एक स्वस्थ व्यक्ति द्वारा रक्तदान हर तीन माह में किया जाना चाहिए। अतः स्वास्थ्य विभाग आम जन से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करें जिससे जरूरतमंद व्यक्तियों की जीवन रक्षा में आपका रक्तदान काम आ सके।

## थाने में दर्ज मामले की वापसी, भाजपाइयों ने सरकार के प्रति जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

प्रदेश सरकार द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं पर भूपेश सरकार में दर्ज किए गए झूठे मामलों की वापसी की कार्रवाई से कार्यकर्ताओं ने सरकार के प्रति खुशी जाहिर की है। छत्तीसगढ़ में लगभग 49 मामलों की वापसी हुई है, जिन्हें जनहित में किए गए आंदोलन माना गया है बेमेतरा जिले के चार मामलों में साजा विधानसभा के भारतीय जनता युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष आयुष शर्मा के खिलाफ दर्ज मामला भी वापस हुआ है।

साजा न्यायालय में न्यायालय कार्रवाई के पश्चात प्रकरण को समाप्त किया गया है। राज्य शासन के मंत्री मंडली समिति ने इन सारे मामलों की अनुशंसा की है। साजा ब्लॉक के ग्राम दहीमही में साहू समाज की महिलाओं के खिलाफ विधानसभा चुनाव के जुलूस के दौरान वर्तमान जनपद अध्यक्ष दिनेश वर्मा पर मारपीट का



मामला दर्ज करवाने को लेकर तहसील मुख्यालय साजा में आयुष शर्मा एवं अन्य लोगों द्वारा धरना प्रदर्शन तथा भूख हड़ताल की गई थी, तब बिना अनुमति लाउडस्पीकर का उपयोग तथा सरकारी कार्यालय में दरवाजे को तोड़फोड़ संपत्ति नष्ट करने वह अन्य मामलों में साजा थाना द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया था। इस संबंध में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 186 188 353 228 506 वह अन्य धाराएं लगाई गई थी एवं गिरफ्तारी भी की गई थी। भाजपा सरकार आते ही इन मामलों राजनीतिक आंदोलन मानकर मामला ले लिया गया आज कार्यकर्ताओं ने आयुष शर्मा को बधाई दी। इस संबंध में आयुष शर्मा ने कहा कि साहू समाज की महिलाओं के खिलाफ अत्याचार को लेकर मैं और मेरे साथियों ने तथा भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जन सहयोग किया था और अत्याचार के खिलाफ जन आंदोलन भी किया था। मैं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा, उपमुख्यमंत्री अरुण अरुण साहू, विजय बघेल सांसद तथा विधायक ईश्वर साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी सहित सारे लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## डीएलएड छात्र अध्यापकों का प्रकृति परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान डाइट बेमेतरा में शुक्रवार डीएलएड छात्र अध्यापकों का प्रकृति परीक्षण हुआ। परीक्षण में डीएलएड प्रथम वर्ष के छात्र अध्यापक शामिल हुए। इस प्रकृति परीक्षण में छात्र अध्यापकों के साथ-साथ अकादमिक सदस्यों ने भी अपना प्रकृति परीक्षण कराया।

प्रकृति परीक्षण के लिए आयुष विभाग से डॉ. पंकज दुबे, डॉ. अविजीत झा और फार्मासिस्ट सत्यधर जांगड़े ने सभी छात्र-छात्राओं का पूर्ण प्रकृति परीक्षण किया। इस प्रकृति परीक्षण के उद्देश्य और प्रक्रिया के बारे में डॉ. पंकज दुबे ने बताया कि आयुर्वेद में वर्णित इस परीक्षण द्वारा व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और प्राकृतिक संरचना को समझने में मद्द मिलती है। प्रकृति परीक्षण से व्यक्ति की विशिष्ट प्रकृति जैसे वात, पित्त और कफ का निर्धारण होता है। इसके आधार पर एक व्यक्तिगत स्वास्थ्य योजना बनाई जाती है। इसमें आहार, बिहार, दिनचर्या और ऋतुचर्य को शामिल

- **आयुर्वेद के इस परीक्षण से व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और प्राकृतिक संरचना को समझने में मिलती है मद्द**

किया जाता है। प्रकृति परीक्षण से यह भी पता चलता है कि व्यक्ति को प्रकृति के अनुसार उसे कौन से रोग होने की संभावना अधिक है। प्रकृति के निर्धारण से उसे समय पूर्व होने वाली बीमारियों से बचाया जा सकता है। आयुष डॉ. पंकज दुबे ने बताया कि प्रकृति के निर्धारण से प्रत्येक व्यक्ति की प्रकृति के अनुसार आहार बिहार और औषधि आदि का चयन किया जाता है। आयुर्वेद प्रकृति परीक्षण केवल एक सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण ही नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति को एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करता है। जो व्यक्ति को अपने शरीर को, अपने मन को, स्वस्थ रखने का एक अवसर प्रदान करता है। इस परीक्षण के लिए आयुष विभाग द्वारा 26 नवंबर से 25 दिसंबर तक देश भर में प्रकृति परीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इस परीक्षण के अंतर्गत व्यक्ति को सर्वप्रथम प्रकृति परीक्षण एप डाउनलोड करना होता है। इसके पश्चात व्यक्ति को सिटिजन के रूप में रजिस्ट्रेशन करना होता है। पंजीयन के पश्चात आयुष चिकित्सक वॉलिंटियर के रूप में आपके स्वास्थ्य का परीक्षण कर संपूर्ण जानकारी आनलाइन भरेंगे। इस दौरान आपका ब्लड प्रेशर, शुगर लेबल और वजन का भी परीक्षण करेंगे। अंत में सबमिट करेंगे। इस परीक्षण के अंतर्गत व्यक्ति को एक ऑनलाइन डिजिटल प्रकृति सर्टिफिकेट भी प्राप्त होता है।

## ऋण राशि का समय पर भुगतान करें हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति ने विभिन्न वर्गों के लिए संचालित योजनाओं के तहत वितरित ऋण वसूली की प्रक्रिया तेज कर दी है। अंत्यावसायी विभाग के कार्यपालन अधिकारी ने सभी वर्गों के हितग्राहियों से ली गई ऋण राशि को नियमित रूप से अदा करने की अपील की है।

समिति ने स्पष्ट किया है कि ऋण अदायगी में लापरवाही बरतने वाले हितग्राहियों एवं उनके जमानतदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। समिति ने अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजातिए पिछड़ा वर्ग, सफाई कामगार वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के लिए वितरित ऋण की वसूली हेतु समाज प्रमुखों स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अन्य सम्माननीय व्यक्तियों से सहयोग की अपील की है। इसके साथ ही ऋण

- **अंत्यावसायी विभाग के कार्यपालन अधिकारी ने सभी वर्गों के हितग्राहियों से की अपील**

वसूली जागरूकता शिविरों का आयोजन भी प्रस्तावित है। जो हितग्राही नगर निकाय और पंचायत चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं, उनके लिए ऋण वसूली की प्रक्रिया को और अधिक सख्त किया गया है। ऐसे हितग्राहियों को चुनाव नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले विभाग से ऋण मुक्त प्रमाण पत्र एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा। ऋण अदायगी न करने पर नामांकन रद्द करने की चेतावनी दी गई है। जो हितग्राही जानबूझकर ऋण राशि जमा नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इसमें आरआरसी के तहत बंधक जमीन की कुर्की एवं नीलामी तथा पोस्टडेटेड चेक पर धारा 138 के तहत न्यायालय में केस दर्ज करने की प्रक्रिया शामिल होगी। समिति ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की लापरवाही के लिए संबंधित हितग्राही स्वयं जिम्मेदार होंगे। हितग्राहियों से अपील है कि वे शीघ्र अपनी बकाया राशि विभागीय कार्यालय में जमा करें और विभाग द्वारा तय नियमों का पालन करें।

### दानीटोला में भागवत कथा कल से

**गुरूर।** ग्राम दानीटोला में ग्रामीणों द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 22 से 30 दिसंबर तक किया गया है, इसमें कथा वाचक पं. मनोज दुबे होंगे। कथा समय दोपहर 1 से 5 बजे तक होगा। इसमें 22 दिसंबर को वेदी पूजन, कलश यात्रा, गौकर्ण पूजा होगी।



Ajay Advt.

## बाल मेले में बच्चों ने लगाए विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल



**अंडा।** पूर्व माध्यमिक शाला चंदखुरी में बाल मेला का कार्यक्रम रखा गया,जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा शाला प्रांगण में खाने का स्टाल लगाया गया। स्टाल में बच्चों ने इडली, गुपचुप, चना-मुर्रा भेल, चमचम, रसगुल्ले, कोलड्रिंक जुस आदि खाद्य सामग्रियों को बेचा।

कार्यक्रम में भूपेन्द्र साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, बाबूराय साहू प्रधान पाठक, देवकीनंदन शर्मा समन्वयक त्रिभुवन देशमुख, चेतन साहू, स्वाति प्रसाद, सुनीता पालरकर, विजयालक्ष्मी पाटिल, पुष्पा, गजेन्द्र, संतोष शर्मा, योगेश्वरी, हरमुख, दिव्या तिवारी, योगेश चंद्राकर उपाध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति और ग्रामवासियों बच्चों द्वारा बनाए गए खाद्य सामग्रियों को खरीदकर व्यंजनों का लुफ्त उठाया।







